NEWS CLIPPING: 18.01.2018

DAINIK BHASKAR

युवा उत्सव में वाईएमसीए को थिएटर में मिला तीसरा स्थान

फरीदाबाद | वाईएमसीए यूनिवर्सिटी को भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित 33वें उत्तरी क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव के थिएटर में तीसरा स्थान मिला है। यह उत्सव 12 से 16 जनवरी तक अंबाला के महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना में आयोजित किया गया था। इसमें 21 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया था। वाईएमसीए की टीम ने पहली बार अंतरविश्वविद्यालयीन इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। टीम ने इवेंट में माइम की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस जीत के साथ विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। यह प्रतियोगिता 16 से 20 फरवरी तक रांची विश्वविद्यालय में होगी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी है।

NEWS CLIPPING: 18.01.2018

PUNJAB KESARI

वाईएमसीए में आज होगा अक्षय ऊर्जा पर कार्यक्रम

फरीदाबाद, 17 जनवरी (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी विषय पर 18 से 23 जनवरी तक फेकल्टी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम टीईक्यूआईपी-3 परियोजना के तहत किया जा रहा है। यह जानकारी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोण् राजेश आहूजा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उत्पादन, वितरण तथा प्रबंधन के लिए नेटवर्क तथा माइक्रो-नेटवर्क की तकनीकों को जानना तथा समझना है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 18 Jar epaper.punj

NEWS CLIPPING: 18.01.2018

DAINIK JAGRAN

वाईएमसीए विवि की टीम ने दिखाई प्रतिभा

33वें उत्तरी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय युवा उत्सव के थियेटर इवेंट में तीसरा स्थान पाने वाली टीम ● जागरण

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की टीम ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित 33वें उत्तरी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय युवा उत्सव के थियेटर इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उत्सव 12 से 16 जनवरी को महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय, अंबाला में आयोजित किया गया था, इसमें 21 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की टीम ने पहली बार अंतर-विश्वविद्याल की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। टीम ने इवेंट में माइम की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस जीत के साथ विश्वविद्यालय की टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है, जोकि 16 से 20 फरवरी को रांची विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी है।

NEWS CLIPPING: 18.01.2018

NAVBHARAT TIMES

फटाफट खबरें

युवा उत्सव में पाया तीसरा स्थान

■ **वस, फरीदाबाद** :वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की टीम ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित 33वें उत्तरी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय युवा उत्सव के थियेटर इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह उत्सव 12 से 16 जनवरी को महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय, मुलाना अंबाला में आयोजित किया गया। इस उत्सव में 21 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया था। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की टीम ने पहली बार अंतर-विश्वविद्यालय की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। टीम ने इवेंट में माइम की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस जीत के साथ विश्वविद्यालय टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, जोकि 16 से 20 फरवरी को रांची विश्वविद्यालय में आयोजित होगी।

फैकल्टी डिवेलपमेंट कार्यक्रम आज से

■ **वस, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी का बुद्धिमता से प्रबंधन विषय पर 18 से 23 जनवरी तक फैकल्टी डिविलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रो. राजेश आहूजा ने बताया कि यह कार्यक्रम टीईक्यूआईपी-3 परियोजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उत्पादन, वितरण तथा प्रबंधन के लिए इंटेलीजेंट नेटवर्क तथा माइक्रो-नेटवर्क की तकनीकों को जानना तथा समझना है।

समरसता उत्सव में शामिल हुए छात्र

■ **वस, फरीदाबाद** :वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, नूंह में आयोजित समरसता उत्सव में हिस्सा लिया। इस उत्सव का उद्देश्य गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं गर्म कपड़े उपलब्ध करवाना था। इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जो प्रतिवर्ष दान उत्सव का आयोजन कर जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़े तथा जरूरी सामान वितरित किया गया।